भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *212**
उत्तर देने की तारीख 15.12.2025

**राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण**

*212. **श्री दुलू महतो :**
**श्री बिभु प्रसाद तराई :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) जैसी सरकारी योजनाओं के अंतर्गत देश भर में सांस्कृतिक मानचित्रण पहल की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार तथा विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में और ओडिशा के भद्रक और बालासोर जिलों में अब तक प्रलेखित सांस्कृतिक स्थलों, कलाकारों और पारंपरिक पद्धतियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र, क्षेत्रीय/जोनल सांस्कृतिक केन्द्रों और क्षेत्रीय एजेंसियों सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से एकत्र किए गए आंकड़ों को एकीकृत करने के लिए कोई केन्द्रीकृत राष्ट्रीय डाटाबेस या डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किया गया है और यदि हां, तो इसकी संरचना और सुलभता का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त मिशन के अंतर्गत देश में जारी की गई वित्तीय सहायता का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) के अंतर्गत शामिल किए गए जनजातीय समुदायों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त मिशन के अंतर्गत वंचित कलाकारों के लिए कोई क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रस्तावित है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) सांस्कृतिक मानचित्रण संबंधी आंकड़ों की सटीकता, सत्यापन और नियमित रूप से अद्यतन किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) नीति नियोजन, अनुदानों की प्रदायगी और सांस्कृतिक पर्यटन परिपथों के सुदृढीकरण के लिए इस मानचित्रण कार्य का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है?

**उत्तर**

**संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री**
**(गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (छ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 को माननीय संसद सदस्यों श्री दुलू महतो और श्री बिभु प्रसाद तराई द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) के अंतर्गत मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पोर्टल, पूरे देश में ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक मानचित्रण का कार्य करता है। पहचान किए गए 6,38,365 गांवों में से, 6,23,449 गांवों को मानचित्रित किया गया है और उनका डेटा एमजीएमडी पोर्टल पर उपलब्ध है।

इस पोर्टल पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक घटकों को सम्मिलित किया गया है जिनमें धरोहर स्थल, लोक और पारंपरिक कला रूप, कलाकार, वाचिक परंपराएं, आस्थाएं, रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय महत्वपूर्ण स्थल, मेले और महोत्सव, परिधान, आभूषण और खानपान शामिल हैं। तथापि, एमजीएमडी डेटा का रखरखाव ग्राम-वार प्रारूप में किया जाता है, न कि संयुक्त घटक-वार प्रारूप में।

ओडिशा में, एमजीएमडी पोर्टल पर 47,209 गांवों का डेटा अपलोड किया गया है। इस पहल के तहत भद्रक जिले में, 998 गांवों का डेटा मानचित्रित किया गया है और बालासोर जिले में 2,798 गांवों के डेटा को कवर किया गया है।

मानचित्रित गांवों के राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वितरण का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है और आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

आंध्र प्रदेश और ओडिशा में प्रलेखित उल्लेखनीय सांस्कृतिक स्थलों, कला रूपों, पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रमुख कलाकारों का विवरण क्रमशः **अनुलग्नक-III** और **अनुलग्नक-IV** पर दिया गया है।

(ख): एनएमसीएम के अंतर्गत, मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पोर्टल को राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक मानचित्रण कार्य के भाग के रूप में राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र सहित पूरे भारत के गांवों से एकत्रित सांस्कृतिक डेटा को समेकित और प्रस्तुत किए जाने हेतु एक केन्द्रीकृत डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में विकसित किया गया है।

एमजीएमडी पोर्टल से संबंधित सूचना **अनुलग्नक-V** पर दी गई है।

(ग): एमजीएमडी/एनएमसीएम का मुख्य कार्य सांस्कृतिक मानचित्रण करना और सूचना एकत्र करना है। इस स्कीम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों हेतु वित्तीय सहायता जारी करने के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

(घ): एनएमसीएम के घटक, एमजीएमडी पोर्टल के डेटा का रखरखाव ग्राम-वार किया जाता है, न कि समुदाय-वार। तथापि, आंध्र प्रदेश के कुछ जनजातीय समुदायों जैसे कि

बगाटा, कोंडा डोरा, कोंधू, वाल्मिकी, कोया, कोंडाकम्मारा, कोंडा रेड्डी, कोटिया और गड़बा का ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक डेटा के भाग के रूप में सर्वेक्षण किया गया है।

(ङ.): एनएमसीएम पूरे देश में ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक मानचित्रण करता है। इस मिशन के अंतर्गत वंचित कलाकारों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(च): एमजीएमडी वृहत्त और संवादमूलक डिजिटल प्लेटफार्म है। सूचना का आवधिक रूप से अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करने हेतु, यह पोर्टल स्थानीय समुदायों/ग्रामवासियों को 'कांट्रीब्यूट' टैब के माध्यम से उनके गांव से संबंधित सांस्कृतिक सूचना प्रस्तुत करने में सहायता करता है। इन सूचनाओं को उचित प्रमाणन और परिनियमन के पश्चात पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाता है।

(छ): एमजीएमडी कार्यक्रम स्थानीय परंपराओं, रीति-रिवाजों और धरोहर परिसंपत्तियों को मान्यता देने वाले प्रामाणिक, ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक प्रोफाइल के सृजन द्वारा ग्रामीण पहचान को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रशस्त करता है। एकल राष्ट्रीय पोर्टल पर संरचित सांस्कृतिक डेटा की उपलब्धता से सांस्कृतिक क्लस्टर विकास, धरोहर पर्यटन हेतु योजना तैयार करने और पारंपरिक कौशलों को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

एमजीएमडी पोर्टल पर अपलोड किए गए गांवों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वितरण

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अपलोड किए गए गांवों की संख्या |
|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 176 |
| आंध्र प्रदेश | 17142 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4613 |
| असम | 26074 |
| बिहार | 39563 |
| चंडीगढ़ | 12 |
| छत्तीसगढ | 19571 |
| दिल्ली | 252 |
| गोवा | 431 |
| गुजरात | 19271 |
| हरियाणा | 7579 |
| हिमाचल प्रदेश | 18735 |
| जम्मू और कश्मीर | 6926 |
| झारखंड | 29908 |
| कर्नाटक | 29569 |
| केरल | 1275 |
| लद्दाख | 238 |
| लक्षद्वीप द्वीप समूह | 13 |
| मध्य प्रदेश | 56429 |
| महाराष्ट्र | 40042 |
| मणिपुर | 306 |
| मेघालय | 7012 |
| मिजोरम | 1026 |
| नागालैंड | 1498 |
| ओडिशा | 47209 |
| पुदुचेरी | 127 |
| पंजाब | 12084 |
| राजस्थान | 46696 |
| सिक्किम | 464 |
| तमिलनाडु | 19219 |
| तेलंगाना | 9824 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 107 |
| त्रिपुरा | 899 |
| उत्तर प्रदेश | 103003 |
| उत्तराखंड | 15727 |
| पश्चिम बंगाल | 40429 |

अनुलग्नक-II

'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एमजीएमडी पोर्टल पर अपलोड किए गए आंध्र प्रदेश के गांवों की संख्या का जिला-वार वितरण

| क्र. सं. | आंध्र प्रदेश के शामिल किए गए जिले | एमजीएमडी पर अपलोड किए गए गांवों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अनंतपुर | 976 |
| 2. | चित्तूर | 1515 |
| 3. | पूर्वी गोदावरी | 1341 |
| 4. | गुंटूर | 752 |
| 5. | कृष्णा | 1023 |
| 6. | कुरनूल | 942 |
| 7. | प्रकाशम | 1108 |
| 8. | एसपीएसआर नेल्लोर | 1215 |
| 9. | श्रीकाकुलम | 1875 |
| 10. | विशाखापटनम | 3398 |
| 11। | विज़ानगरम | 1561 |
| 12. | पश्चिम गोदावरी | 629 |
| 13. | वाईएसआर कडप्पा | 807 |
| | कुल | 17142 |

अनुलग्नक-III

'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

**आंध्र प्रदेश के कुछ मानचित्रित सांस्कृतिक स्थल**

| क्र. सं. | सांस्कृतिक स्थल |
|---|---|
| 1. | लेपाक्षी वीरभद्र मंदिर |
| 2. | पद्मनाभ स्वामी मंदिर |
| 3. | अमरावती में बौद्ध स्तूप |
| 4. | प्राचीन श्रीरामलिंग सौदेश्वरी अम्मन मंदिर |
| 5. | गोलकोंडा साम्राज्य का प्रसिद्ध बंदरगाह- मछलीपटनम |
| 6. | गंडिकोटा किला, पेरुरु धरोहर ग्राम |
| 7. | ओरवाकल रॉक गार्डन |
| 8. | श्री वीर वेंकट सत्यनारायण स्वामी मंदिर |
| 9. | चतुर्मुख ब्रह्मेश्वर मंदिर |

**आंध्र प्रदेश के कुछ मानचित्रित कला रूप**

| क्र. सं. | कला रूप |
|---|---|
| 1. | कुचिपुडी नृत्य |
| 2. | त्रिगंधम काष्ठ कला |
| 3. | हथकरघा बुनाई |
| 4. | थोलू बोम्मलता |
| 5. | धिमसा नृत्य |
| 6. | बुर्रा कथा |
| 7. | बांस की टोकरी बनाना |

**आंध्र प्रदेश के कुछ मानचित्रित प्रमुख कलाकार**

| क्र. सं. | प्रमुख कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री) |
|---|---|
| 1. | वेम्पाती चिन्ना सत्यम (कुचिपुडी) |
| 2. | वेदान्तम लक्ष्मी नारायण शास्त्री (कुचिपुड़ी) |
| 3. | दलवई चलपति राव (थोलू बोम्मलता) |
| 4. | क्षेत्रय्या (कुचिपुडी) |
| 5. | जे. गुरप्पा चेट्टी (कलमकारी) |
| 6. | वेदान्तम रत्तैया सरमा (कुचिपुडी) |
| 7. | कोराड़ नरसिम्हा राव (कुचिपुड़ी) |

'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

### ओडिशा (भद्रक और बालासोर जिले) के कुछ मानचित्रित सांस्कृतिक स्थल

| क्र. सं. | सांस्कृतिक स्थल |
|---|---|
| 1. | मां रक्षा काली मंदिर |
| 2. | अखंड लाम मंदिर (भगवान शिव की अखंड ज्योति) |
| 3. | अगरपद-श्री हरेकृष्ण महताब का जन्म स्थान |
| 4. | भगवान जगन्नाथ मंदिर, बंसाड़ा |
| 5. | पंचलिंगेश्वर मंदिर |
| 6. | चांदीपुर समुद्र तट |
| 7. | हर-पार्वती मंदिर |

### ओडिशा (भद्रक और बालासोर जिले) के कुछ मानचित्रित प्रमुख कलाकार

| क्र. सं. | प्रमुख कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री) |
|---|---|
| 1. | लक्ष्मीकांत महापात्र |
| 2. | गौरहरि दास |
| 3. | गोपाल चन्द्र पंडा |
| 4. | गोकुलानंद महापात्र |
| 5. | फकीर मोहन सेनापति |
| 6. | राधानाथ रे |
| 7. | असीम बसु |

### ओडिशा (भद्रक और बालासोर जिले) के कुछ मानचित्रित कला रूप

| क्र. सं. | कला रूप |
|---|---|
| 1. | पाल कला प्रस्तुति |
| 2. | माटिल शिल्पकला |
| 3. | सम्बलपुरी साड़ी |
| 4. | ढोकरा कला |
| 5. | कलिंग शैली मूर्तिकला |
| 6. | पिपली एपलिक कला |
| 7. | कुम्भका कला |
| 8. | खंडुआ साड़ी |
| 9. | बालेश्वरी जौकंधेई |
| 10. | झाड़ू बनाना |
| 11. | बलुआ पत्थर और संगमरमर नक्काशी |

**अनुलग्नक-V**

**'राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *212 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

## एमजीएमडी पोर्टल की संरचना

एमजीएमडी पोर्टल सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध है और इसे https://mgmd.gov.in/ पर देखा जा सकता है। डेटा को राज्य-वार, जिला-वार, ब्लॉक-वार, पंचायत-वार और ग्राम-वार व्यवस्थित किया गया है। प्रत्येक गांव के लिए एक विशिष्ट प्रोफाइल सृजित किया गया है, जिसके तहत चित्रों सहित संबंधित सांस्कृतिक घटकों को निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत प्रलेखित किया गया है :

i. सांस्कृतिक प्रोफाइल

ii. धरोहर स्थल

iii. मेले और महोत्सव

iv. पारंपरिक कला और शिल्प

v. पारंपरिक खानपान

vi. पारंपरिक परिधान

vii. पारंपरिक आभूषण

viii. आस्थाएं और रीति-रिवाज

ix. प्रसिद्ध हस्तियां

x. प्रमुख कलाकार

xi. भौगोलिक और जनसांख्यिकीय प्रोफाइल

xii. विकासात्मक प्रोफाइल

इसके अतिरिक्त, चयनित गांवों और ब्लॉक की संस्कृति 'विलेज वॉकथ्रू' टैब के तहत जीवंत वीडियो के रूप में उपलब्ध है।

*****